!! जय भिक्षु !!   !! जय महाश्रमण !!

''शासन श्री'' साध्वी सोहनकुमारी जी छापर का देवलोकगमन
एवं
स्मृति सभा का आयोजन

सुनाम – तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें अधिशासता आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या ''शासन श्री'' साध्वी श्री सोहनकुमारी जी (छापर) ने दिनांक *7* जनवरी *2013* को शाम 4 बजबर 5 मिनट पर सुनाम के तेरापंथ जैन भवन में अंतिम सांस ली। साध्वी श्री जी ने दिनांक *17-12-2012* को पूज्यप्रवर की आज्ञा से तिविहार संथारा स्वीकार किया, पूरी सचेतन अवस्था में पूज्यप्रर की आज्ञा से दिनांक *31-12-2012* को दोपहर *12* बजकर *20* मिनट पर चौविहार संथारे का प्रत्याख्यान किया। दिनांक *7-1-2013* को साध्वी श्री सोहनकुमारी जी की अंतिम यात्रा पूरे शहर में निकाली गई। अंतिम यात्रा में पूरा पंजाब क्षेत्र एवं कई अन्य राज्यों का श्रावक समाज शामिल हुआ।

पलकी उठाते वक्त श्रावक समाज की झलकियां

!! जय भिक्षु !! !! जय महाश्रमण !!

स्मृति सभा का आयोजन

सुनामः- दिनांक <u>*7-12-2013*</u> को युवामनीषी आदरास्पद महामहिम आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री लज्जावती जी के सान्निध्य में स्मृति सभा का आयोजन किया गया।

साध्वी श्री लज्जावती जी ने साध्वी श्री के बारे में कहा कि साध्वी श्री अटूट मनोबल की धनी थी। दृढ़ इच्छाशक्ति फौलादी शक्ति का भरपुर खजाना था। संघीय रीति-नीति एवं संघीय मर्यादा के प्रति सतत जागरूक रहते वाली महान् आत्मा थी। केवल श्रावक समाज की ही संभाल नहीं करती थी अपितु अपनी सहवर्ती साध्वियों का निर्माण कैसा हो?, कैसे तैयार करना?, अपना प्रमुख दायित्व समझा करती थी। साध्वी श्री जी ने 72 वर्ष के संयम पर्याय में सैकड़ों-२ भव्य आत्माओं को संयम पथ की ओर अग्रसर किया। नैतिक एवं प्रामाणिक जीवन जीने की राह दिखाई।

स्मृति सभा के दिन साध्वी श्री लज्जावती जी प्रवचन करते हुए।

साध्वी श्री लावण्य श्री जी ने साध्वी श्री जी अनेकों दी गई शिक्षाओं का वर्णन किया। साध्वी श्री सिद्धांत श्री जी ने अपनी गीतिका के द्वारा साध्वी श्री जी के प्रति अपनी भावना प्रस्तुत की। साध्वी श्री जी के संसार पक्षीय परिवार में से भाई देवचंद जी बैद, श्री मती गुलाब जैन, पुष्पा जैन, श्री मती सुधा जैन ने अपनी भावना प्रस्तुत की। श्रावक समाज में से पंजाब सभा के पूर्वाध्याक्ष- रतनलाल जैन (दफतरी), दिनेश जैन, सुमन जैन (टोहाना), संजय जैन, पंजाब सभा के मंत्री- कमल जी नवलखा, सुरेन्द्र जी मिततल (गोविन्दगढ)। राम लाल जैन (ते.सभा अध्यक्ष सुनाम), यशपाल जैन, रविन्द्र जैन, प्रेम जैन, सुमित जैन (ते.यु.प मंत्री), हितेश जैन (ते.यु.प) ने अपनी भावनाओं की प्रस्तुति दी।

इस भव्य कार्यक्रम में अनेकों क्षेत्रों से श्रावक समाज का आगमन हुआ। निम्नलिखित क्षेत्रों से छापर, दिल्ली, हैदराबाद, शिलोंग, इन्दौर, जयपुर, सिलीगुड़ी, कोलकाता, शेरपुर, बरेटा, धनौला, बड़बड़, भवानीगढ़, निहालसिंहवाला, रामपूराफूल, पातड़ा, समाना, शेरो, लौंगोवाल, पटियाला, लैहरागागा, मानसा, फिल्लोर, लुधियाना, नाभा, बरनाला, बंठिड़ा, संगरूर, धुरी, चण्डीगढ़, कोटकपुरा, बुढलाडा, टोहाना, जगराओं, मुल्लापुर, गोविन्दगढ़, चीमा, भीखी, जाखल, जलंधर आदि कई अन्य क्षेत्रों से लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

Yours Faithfully,
All TYP Members,
President – Kapil Jain.
Secreatery – Sumit Jain.
Hitesh Jain (090413-99764).

Date of Sent:- 12-1-2013.